तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

10 सुशांत सज्जल स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल ...



11 क्षतिग्रस्त गणेश बहार पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# 16 नक्सली विस्फोटक के साथ गिरफ्तार, आईईडी, कुकर- टिफिन सहित अन्य सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले के तीन थाना क्षेत्रों से 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के कब्जे से आईईडी, कुकर बम, टिफिन बम, कोर्डेक्स वायर व अन्य सामान बरामद किया गया है। सभी नक्सलियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। बीजापुर जिले में नक्सल नेटवर्क पर बड़ा प्रहार करते हुए डीआरजी के अलावा थाना बासागुड़ा, गंगालूर, जांगला व कोबरा 210, 202 व सीआरपीएफ 229 बटालियन की संयुक्त टीम द्वारा थाना बासागुड़ा क्षेत्र से 2, गंगालूर से 6 और जांगला थाना क्षेत्र से 8 सक्रिय माओवादियों को विस्फोटक, एवं माओवादी संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री के साथ पकड़ा। जांगला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों में मिलिशिया मेंबर नड़गु वेको 50 वर्ष निवासी आदवाड़ा स्कूलपारा थाना जांगला के अलावा डीएकेएमएस सदस्य बोटी माड़वी 44 वर्ष, भूमकाल मिलिशिया सदस्यबोड़ा वेको 27 वर्ष, पाकलू फरसा 38 वर्ष, बामन कवासी जनसंपर्क मेंबर 31 वर्ष, मुन्ना कुहरामी 22 वर्ष, मुन्ना वेको भूमकाल मिलिशिया सदस्य 22 वर्ष, बुधरू ऊर्फ बधरू बारसा 21 वर्ष शामिल है। वहीं गंगालूर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों में मिलिशिया मेंबर भीमा बारसे 21 वर्ष, माड़वी पाला 34 वर्ष, जोगा माड़वी 25 वर्ष, कलमू मनकी ⏭ शेष पेज 10 पर

## बीजापुर जिले के बासागुड़ा, गंगालूर व जांगला थाना क्षेत्र से किया गया गिरफ्तार



### नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने थे प्रयासरत

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पुलिस पार्टी को क्षति पहुंचाने आईईडी प्लांट करने विस्फोटक सामग्री लेकर आए थे। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से आईईडी के अलावा कुकर बम, टिफिन बम, कोर्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, मल्टीमीटर, बिजली का तार व जमीन खोदने का औजार व संगठन का प्रचार प्रसार की सामग्री बैनर, पोस्टर व पाम्पलेट बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### नगर निगम कर्मचारी गजेन्द्र को दी गई विदाई

**जगदलपुर।** शहर के नगर पालिक निगम जगदलपुर में सहायक ग्रेड-एक पदस्थ गजेन्द्र तिवारी के सेवानिवृत्त पर सोमवार को नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा विदाई समारोह किया गया, जिसमें ससम्मान विदाई दिया गया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समीर बने बस्तर नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर नगर पंचायत में राजेन्द्र नगर वार्ड के पार्षद समीर कुमार मिश्रा को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने आज नाम की घोषणा की । उन्होंने पार्टी की रीति नीति पर कर्मठता से कार्य करते हुये संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।



### राधाष्टमी में यज्ञ, हवन और किया पूजन पाठ



**जगदलपुर।** महादेवघाट स्थित राधे कृष्ण मंदिर में राधाष्टमी महापर्व के पावन अवसर पर यज्ञ,हवन,पूजन पाठ के साथ भजन संध्या आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया । इस आयोजन में मंदिर व्यवस्थापक नीलेन्द्र, मनोज, निर्मल ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

### अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए पंजीयन किया जाएगा 10 तक

**जगदलपुर।** भारतीय सैन्य अग्निवीर थलसेना 2025-26 भर्ती अधिसूचना जारी किया गया था। जिसका कम्प्यूटर परीक्षा का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय द्वारा की गई थी। कम्प्यूटर परीक्षा में बस्तर जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो शारीरिक प्रशिक्षण के इच्छुक हो, वे उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं कार्यलयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल में 10 सितम्बर तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं, ताकि भर्ती पूर्व कौशल शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण से लाभांवित किया जा सके।

### बास्तानार घाट, बाघमुंडी तुमनार सड़क की मरम्मत



**जगदलपुर।** बारिश एवं बाढ़ से राष्ट्रीय राजमार्ग बास्तानार घाट, बाघमुंडी, तुमनार की सड़क एक तरफ से कट गया था, जहां से लोगों का आना-आना मुश्किल हो गया था। लोगों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर के एसडीओ एके कुंजाम के नेतृत्व में टीम ने बास्तानार, ⏭ शेष पेज 10 पर

### बाढ़ प्रभावितों का सर्वे और मुआवजा वितरण कार्य को प्राथमिकता से करें

# मकान और अन्य क्षति के मुआवजा पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले के अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों के मकान क्षति और अन्य क्षति का मुआवजा हेतु तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही इन क्षेत्रों में मलेरिया, डायरिया जैसे बीमारियों के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य शिविर का लगातार आयोजन करें और बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान भी करते रहें।

■ समय सीमा की बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

कलेक्टर हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान लोहंडीगुड़ा, बास्तानार, तोकापाल, दरभा, बकावंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावितों का सर्वे की स्थिति और मुआवजा वितरण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सोलर पंप का सुधार हेतु पंचनामा के आधार पर क्रेडा विभाग को क्लेम हेतु प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी रेडअलर्ट को मद्देनजर रखते हुए सतर्कता बनाए रखने सहित तेज बहाव वाले नदी-नालों के सड़क के समीप वाले ग्राम पंचायतों को आवाजाही को नियंत्रित करने की पहल करने के लिए भी कहा। कलेक्टर ने बैठक में नियद नेल्लानार योजना के तहत हाऊस होल्ड के आधार पर योजनाओं के हितग्राहियों का संबंधित विभागों को लंबित डाटा एंट्री को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल के एक माह से अधिक लंबित प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को निराकृत करने के लिए कहा गया। जिला खनिज न्यास संस्थान की मद से स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति की स्थिति की समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों और अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भौतिक प्रगति की जानकारी ली गई । कलेक्टर ने एग्रीस्टैक में किसानों की पंजीयन की स्थिति का सभी अनुभाग से चर्चा किया और अधिकारियों को निर्देशित किए कि यथासंभव ⏭ शेष पेज 10 पर



### जाति प्रमाणपत्र का करें वितरण

बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र निर्माण उपरांत स्कूल में वितरण सुनिश्चित करवाया जाए । स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल की स्थिति में किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं होना चाहिए । इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति की समीक्षा किया ।

# शहर में गांजा खपाने आ रहा ओडिशा का तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गांजा तस्करी रोकने चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने ओडिशा के तस्कर को बार्डर में घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लाख रूपए से अधिक का गांजा बरामद कर जेल भेजा गया।

■ नगरनार पुलिस ने बार्डर में घेराबंदी कर पकड़ा

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के दिशा निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ओडिशा से जगदलपुर की ओर गांजा बिक्री के लिए परिवहन करने की फिराक में खड़े आरोपी को ग्राम चोकावाडा नगरनार चौक के पास पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम निरंजन खिलो पिता मनु खिलो 24 साल निवासी सतीगुडा जयपुर थाना जयपुर सदर जिला कोरापुट ओडिशा का रहने वाला बताया। आरोपी द्वारा रखे गए थैले की जांच करने पर 2 पैकेट सैलोटेप से लिपटा हुआ गांजा बरामद हुआ। जब्त 10.265 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा का अनुमानित कीमत 1 लाख 2650 रुपए के अलावा एक मोबाइल भी बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक गणेश कोरोम व आरक्षक दशरू नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हड़तालियों ने खून से राष्ट्रपति, सीएम के नाम भेजा जायज मांगों का पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएचएम संघ बस्तर जिला द्वारा आयोजित 18 अगस्तर से अनिश्चित कालीन हड़ताल में मंगलवार को महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें हमारे हड़तालियों द्वारा शासन, प्रशासन को अपनी 10 सूत्रीय जायज मांग को पूरा करने के लिए अपने खून से पत्र लिखकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के नाम से अपनी मांगों को पूरा करने पत्र लिखकर भेजा गया। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा। अनिश्चित कालीन हड़ताल के 16 दिन तक भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, इसलिए आगामी आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

■ सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया

# मुख्यमंत्री को लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों से मिलवाने में नाकाम रहे विधायक : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस के युवा नेता तथा जिला पंचायत सदस्य योगेश बैज ने चित्रकोट विधायक विनायक गोयल पर निष्क्रियता का आरोप लगाते कहा कि इसका खामियाजा लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को भुगतना पड़ रहा है । जारी बयान में उन्होंने उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े करते कहा कि जो विधायक बाढ़ पीड़ितों के लिए अपने क्षेत्र में मुख्यमंत्री को लाने में नाकाम साबित हो जाए तो ऐसे विधायक से क्षेत्र की जनता और क्या अपेक्षा कर सकती है । बैज ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री बाढ़ पीड़ितों से मिलने बस्तर और दंतेवाड़ा का दौरा कर सकते हैं तो चित्रकोट विधानसभा जो दंतेवाड़ा के बाद सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित रहा उसका दौरा किये बिना ही रायपुर लौट गये। ये स्थानीय विधायक की निष्क्रियता का ही परिणाम है ।



उन्होंने विधायक गोयल पर आरोप लगाते हुए यह सवाल पूछा है कि कहीं बाढ़ पीड़ितों को हो रही असुविधाओं और उपेक्षा की पोल खुल जाने के डर से विधायक ने मुख्यमंत्री को अपने विधानसभा क्षेत्र से दूर रखा है। कहीं मुख्यमंत्री के सामने विधायक की निष्क्रियता की पोल ना खुल जाए । इसलिए बाढ़ से प्रभावित ⏭ शेष पेज 10 पर

# मां का अपमान अब कांग्रेस की पहचान : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस की पहचान अब मां का अपमान करने वाली राजनीतिक पार्टी के रूप में बन गयी है। बिहार के दरभंगा जिले में कांग्रेस और राजद की जनसभा में जिस तरह कांग्रेस के द्वारा निम्न स्तर पर जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी स्वर्गवासी माता को लेकर की गयी पूरा देश उसकी निन्दा कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में पत्रवार्ता में यह बात कही । उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं। कांग्रेस व कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को अपने इस कुकृत्य के लिये देश के समक्ष माफी मांगनी चाहिये।

■ पत्रवार्ता में भाजपा नेता ने कांग्रेस और राहुल गांधी से देश से माफी मांगने को कहा



उन्होंने कहा कि समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुख से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। प्रधानमंत्री मोदी को सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरूआत की थी। प्रधानमंत्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कही। हाल ही में एक सभा में राहुल गांधी प्रधानमंत्री को तू कहकर संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता ने लगातार तीसरी बार जनादेश देकर इस पद का दायित्व सौंपा है। अपने देश के विकास और उन्नति की दृष्टि से उनकी लगन को पूरा देश देख रहा है। तू-तड़ाक की भाषा का उपयोग करने से पहले राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि वह पहली बार लोकसभा में लीडर ऑफ अपोजीशन बने हैं। लेकिन अपने भाषणों में जिस तरह के शब्दों का चयन वह ⏭ शेष पेज 10 पर

### ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्राही, विद्याशरण तिवारी, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, अविनाश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता मौजूद रहे।

### आगजनी और समुचित प्रबंधन के लिए विशेष पहल की गई

# विशेष ग्रामसभा में जंगल की सुरक्षा का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनपद पंचायत जगदलपुर के ग्राम पंचायत गुमलवाड़ा में वन अधिकार कानून के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में गांव के पारंपरिक संसाधनों विशेषकर जंगल की सुरक्षा और उसके समुचित प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई।

ग्रामसभा ने यह स्पष्ट किया कि जंगल केवल गांव के आजीविका का आधार ही नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर भी है। इसलिए इसकी रक्षा करना प्रत्येक ग्रामीण का दायित्व है। सभा में आगजनी की घटनाओं को नियंत्रित करने और समय पर बचाव करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में आग लगने की स्थिति में गांव के सभी लोग एकजुट होकर आग बुझाने में योगदान देते हैं। इस सामूहिक सहयोग से जुटाई गई राशि का उपयोग इस बार विशेष उद्देश्य के लिए किया गया । ग्रामसभा ने तय किया कि जंगल सुरक्षा में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली टीम को अलग पहचान दिलाई जाए। इसी निर्णय के तहत सुरक्षा टीम के लिए एक समान टी-शर्ट टीम के सभी सदस्यों को भेंट की गई। इससे न केवल उनकी पहचान अन्य ग्रामीणों से अलग होगी, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना भी मजबूत होगी। सभा में यह भी कहा गया कि जब सुरक्षा टीम स्पष्ट पहचान के साथ जंगल में जाएगी, तो इसका सकारात्मक संदेश बाहर भी जाएगा और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में सहूलियत होगी। इस विशेष ग्रामसभा में गांव की महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महिलाएं विशेष रूप से इस विचार के पक्ष में रहीं कि जंगल की सुरक्षा में उनकी भूमिका पुरुषों के बराबर है। उपस्थित लोगों ने ग्रामसभा के फैसलों की सराहना की और संकल्प लिया कि वे सामूहिक सहयोग और जागरूकता के माध्यम से अपने जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे ।






# धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट का प्रकोप, किसानों को सतर्क रहने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक राजेन्द्र प्रसाद कश्यप एवं कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने जानकारी दी है कि वर्तमान मे जिले के बोदागुड़ा, रामाराम, मुरतोंडा, सोनाकुकानार, धोबनपाल, पुजारीपाल और रामपुरम गांवों में धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट (सोरटी) का गंभीर प्रकोप देखा गया है।

विशेषज्ञों ने बताया कि इस कीट को पत्ती लपेटक या चितरी भी कहा जाता है। बस्तर में इस सोरटी के नाम से जाना जाता है इस कीट की इल्ली अवस्था धान के फसल को बहुत नुकसान पहुंचाती है इल्ली अपने लार द्वारा पत्ती की नोक को या पत्तियो के दोनो सिरो को चिपका लेती है। एक ट्यूब के समान बना कर पत्ती के अंदर छिपकर 20-25 दिन तक पत्तियों के हरे भाग (क्लोरोफिल) को खुरचकर खा जाती है। परिणामस्वरूप पत्तियों पर सफेद धारियाँ दिखाई देने लगती है और पौधो में भोजन बनाने की प्रकिया बाधित हो जाती है। इससे प्रभावित पत्तियां बाद मे सूखकर मुरझा जाती है और फसल की वृद्धि रुक जाती है जिससे धान की उपज में कमी आती है।



## खबर संक्षेप

### सांसद पी. संतोष आज आएंगे कोण्डागांव प्रवास पर

**कोण्डागांव।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेता एवं राज्य सभा सदस्य केरल पी. संतोष कुमार 3 सितम्बर 2025 पहली बार कोण्डागांव जिले में पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सीपीआई जिला परिषद् के



सचिव शैलेष ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि सांसद पी. संतोष कुमार का आगमन बुधवार को दोपहर बाद लगभग 2 बजे जिला मुख्यालय में होगा। राज्य प्रभारी के रूप में पहली बार जिले में आगमन की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सीपीआई कार्यकर्ता उनका स्वागत सरहद ग्राम घोड़ागांव से करेंगे। मोटरसाइकिल रैली निकालते हुए लाल झण्डों के साथ जिला मुख्यालय तक लाएंगे। सांसद पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर तक कोण्डागांव में रुकेंगे। प्रवास के दौरान वे सीपीआई जिला परिषद् सदस्यों की बैठक लेंगे। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ जिलेवासियों की गंभीर समस्याओं पर भी चर्चा की जाएगी। सीपीआई जिला परिषद् के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं पर यदि समय रहा तो सांसद जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी चर्चा कर सकते हैं। कोण्डागांव प्रवास के बाद कामरेड पी. संतोष कुमार 4 सितम्बर की दोपहर में नारायणपुर जिले के लिए रवाना होंगे।

### आपदा पीड़ितों के लिए अंशदान



**दंतेवाड़ा।** विगत सप्ताह अचानक आई बाढ़ से काफी घरों को नुकसान पहुंचा। इस प्राकृतिक आपदा को देखते हुए हाई स्कूल आवराभाटा प्राचार्य सुनीता गोस्वामी ने बचाव व राहत कार्य के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत को 21000 की राशि चेक स्वरूप प्रदान किया है। इस मौके पर कलेक्टर ने अंशदान सहयोग राशि के लिए श्रीमती गोस्वामी का जिला प्रशासन द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।

### लीलर में गौरव पथ के लिए 21 लाख स्वीकृत

**धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर में 21 लाख रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण होगा। राशि स्वीकृत होने पर सरपंच व ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने कहा कि गौरव पथ बनने से गांव की सुंदरता और गरिमा में वृद्धि होगी तथा आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।

# सुशांत सज्जल स्मृति जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता होगी 7 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पूर्व राज्य स्तरीय फुटबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय सुशांत सज्जल की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 7 सितम्बर से आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता को लेकर हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

यह प्रतियोगिता नॉक-आउट पद्धति पर आधारित होगी। हर मैच निर्णायक होगा और विजेता टीम को ही अगले दौर में प्रवेश मिलेगा। इस कारण खिलाड़ियों में अतिरिक्त रोमांच और दर्शकों में उत्साह देखने को मिलेगा। प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इस पुरस्कार राशि से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना और अधिक प्रबल होगी तथा वे अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। सभी मैच फीफा के नियमों के अनुसार खेले जाएंगे। नॉक-आउट दौर के मैचों का समय निर्धारित सीमा के अनुसार होगा। निर्णायक का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य माना जाएगा।

## बोरगांव में फुटबॉल का महाकुंभ, नॉक-आउट फॉर्मेट में होंगे मुकाबले

### खिलाड़ियों के पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य

प्रतिभागी टीमों को अपने खिलाड़ियों के नाम, फोटो और आधार कार्ड के साथ एक निर्धारित प्रपत्र में प्रतियोगिता शुरू होने से एक दिन पहले जिला फुटबॉल संघ में जमा करना होगा। जिला स्तर पर पंजीकरण पूरा करने वाले खिलाड़ियों को ही खेलने की अनुमति होगी। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि खेल के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी की जिम्मेदारी खिलाड़ियों की स्वयं की होगी। फुटबॉल क्लब बोरगांव की आयोजन समिति ने यह भी कहा है कि प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार के बदलाव का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।



### खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए होगा यादगार अनुभव

आयोजन समिति को उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव प्रदान करेगी और दर्शकों को भी शानदार खेल का आनंद मिलेगा। बोरगांव में होने वाला यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले में फुटबॉल की लोकप्रियता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### बिहार के दरभंगा में आयोजित सभा में पीएम मोदी को दी थी गाली

# युवा मोर्चा ने कांग्रेस नेता का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



बिहार के दरभंगा में आयोजित एक सभा में कांग्रेस नेता नेक मोहम्मद रिसवी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने से पूरे देशभर में आक्रोश व्याप्त है। इस अपमानजनक बयान के विरोध में गांधी मैदान में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया गया और कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। उनके खिलाफ इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता और हताशा का प्रमाण है।

यह सिर्फ़ प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि हर भारतीय का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस को तुरंत अपने नेता के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा जनता कांग्रेस को कभी माफ़ नहीं करेगी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि कांग्रेस नेता का यह बयान भारत की संस्कृति और परंपरा पर हमला है। भारत में मां का स्थान सर्वोच्च है। प्रधानमंत्री को मां की गाली देना भारत माता का अपमान करना है। युवा मोर्चा इस गंदी राजनीति का डटकर विरोध करेगा और यदि कांग्रेस ने ऐसे नेताओं पर कार्रवाई नहीं की, तो हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

धरना प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस की यह भाषा राजनीति में गिरते स्तर का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा कांग्रेस की इस मानसिकता को जनता के बीच उजागर करेंगे और लोकतांत्रिक तरीक़े से इसका जवाब देंगे।

मौके पर महामंत्री राकेश साहू, पूर्व महामंत्री अविनाश दुबे, राजीव सिन्हा, विजय मोटवानी, पवन गजपाल, विजय साहू, जय हिंदूजा, सूरज शर्मा, भागवत साहू, विनय जैन, डीपेंद्र साहू, धनीराम सोनकर, देवेश, अग्रवाल, धन्नू साहू, भेषकुमार साहू, वेदप्रकाश साहू, बिशन निषाद, मिथिलेश सिन्हा, आयुष दीवान, राम सोनी, अखिलेश सोनकर, हेमंत बंजारे, अभिषेक शर्मा, सुभाष चंद्राकर, दुष्यन्त सिन्हा, रिंकू सेन, देवेश साहू , दानू साहू, रोशनपुरी गोस्वामी, विजय ठाकुर, अतुल साहू, राघवेंद्र साहू, लोकेश टंडन समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवा खाई अवकाश पर चावरा स्कूल का इनकार, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

▪ जिला प्रशासन ने घोषित किया था अवकाश

बस्तर की परंपरा और आस्था से जुड़े नवा खाई पर्व पर जिला प्रशासन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी 2 सितम्बर को अवकाश घोषित किया था, ताकि विद्यार्थी और परिवारजन इस पर्व को धूमधाम से मना सकें। चावरा स्कूल ने प्रशासनिक आदेश की अनदेखी करते हुए इस दिन कक्षाएं संचालित कीं। इससे ग्रामीणों और अभिभावकों में रोष देखने को मिला।

विद्यालय की प्राचार्या एसआर सिसलिया ने बताया कि नवा खाई का अवकाश 3 सितम्बर को रखा गया है। उनका कहना है कि इस संबंध में कलेक्टर से फोन पर चर्चा की गई थी, हालांकि लिखित अनुमति नहीं ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने स्पष्ट कहा कि शासन द्वारा घोषित अवकाश का पालन सभी विद्यालयों को करना अनिवार्य है। केवल फोन पर बातचीत अनुमति नहीं मानी जाएगी।



### सांस्कृतिक अस्मिता पर चोट

सर्वआदिवासी युवा प्रभाग के जिलाध्यक्ष यतीन्द्र सलाम छोटू ने कहा कि यह घटना केवल प्रशासनिक आदेश की अवहेलना नहीं, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता का भी अपमान है। उनका आरोप है कि धार्मिक पक्षपात के कारण स्थानीय परंपराओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे रवैये जारी रहे तो बच्चों का अपनी संस्कृति से नाता कमजोर होगा और सामाजिक समरसता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

# अध्यक्ष कोमल, सचिव नरेंद्र चुने गए

▪ झिरिया साहू समाज दानीटोला परिक्षेत्र का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी





झिरिया साहू समाज दानीटोला परिक्षेत्र का चुनाव हुआ। अध्यक्ष पद के लिए मुख्य मुकाबला कोमल साहू और संगम कुमार साहू के बीच हुआ। कोमल साहू को 57 और संगम कुमार साहू को 53 मत मिले। कोमल 4 मतों से विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। डॉ. उमाशंकर साहू 20, मतेश्वर साहू 37 और कोमल उर्फ अशोक साहू को 50 मत प्राप्त हुए।

चित्ररेखा साहू उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। सचिव पद के लिए नरेंद्र साहू 52 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 18 मतों से विजयी रहे। प्रकाश साहू को 34 और रामबिलास साहू को 22 मत मिले। हुलसी साहू सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में 114 मतदाताओं ने भाग लिया।

इस दौरान डॉ. रामकुमार साहू, बंशीलाल साहू, मदन साहू, विमल साहू, कैलाश साहू, राजू साहू, श्रीमती रंजना साहू, संगम साहू, मतेश्वर साहू, श्रीमती कलेंद्री साहू, चोवाराम साहू, हरीश साहू, बृजेश साहू, संतोष साहू, पवन साहू और दुर्गेश साहू मौजूद थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के विकास और कल्याण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला संघ साहू संघ द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में शानदार नृत्य की प्रस्तुति देने पर प्रतिभागी मातृशक्तियों को साड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने किया जेडी कार्यालय का घेराव

## एक सप्ताह के अंदर शिक्षक ई संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधानपाठक में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी





रायपुर संभाग में शिक्षक संवर्ग ई एवं टी की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर विगत 3 वर्षों से न होने पर सैकड़ों शिक्षकों ने संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर का घेराव किया।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू ने बताया कि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। जेडी ने एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल को चर्चा के लिए बुलाया। चर्चा के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने शिक्षक एलबी संवर्ग ई एवं टी की पदोन्नति शीघ्र करने सहित सहायक शिक्षकों की पदोन्नति शिक्षक के पद पर करने व पदोन्नति की प्रक्रिया में ओपन कॉउन्सिलिंग करने, रायपुर संभाग के शिक्षकों को 3 वर्षों का पेपर सीनियारिटी प्रदान करते हुए पदोन्नति देने की मांग प्रमुखता से रखी गई जिस पर जेडी संजीव श्रीवास्तव ने एक सप्ताह के अंदर ई संवर्ग की पदोन्नति का टाइम टेबल जारी करने सहित सभी मांगों को शीघ्रता से पूर्ण करने का भरोसा दिया। मांगें पूर्ण नहीं होने पर प्रतिनिधि मंडल ने आगे उग्र आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया है।

घेराव कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारिक, सविता छाटा, प्रांतीय पदाधिकारी शोभासिंह देव, योगेश ठाकुर, जितेंद्र मिश्रा, अंजुम शेख, सुखनन्दन साहू, पूर्णानंद मिश्रा, केशवराम साहू, यशवंत बघेल, पूरनलाल साहू, विनोद सिन्हा, जिलाध्यक्ष धमतरी डॉ भूषणलाल चंद्राकर, हरीश दीवान, गोपाल वर्मा, शैलेन्द्र कौशल, दिनेश साहू, रमेश यादव, गेवाराम नेताम, कैलाश सोन, बलराम तारम, नंद कुमार साहू, जितेन्द्र सोनवानी, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, विनोद यादव, महेन्द्र चौधरी, अतुल शर्मा, कन्हैया कंसारी, टिकेशवरी साहू, विभा सिंह समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# एलुमिनी मीट पूर्व छात्र-छात्राओं को जोड़ने का सशक्त माध्यम



▪ भोथली स्कूल में हुआ एलुमिनी मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

रजत जयंती वर्ष पर एलुमिनी मीट का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में किया गया जिसमें पूर्व छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य एलएन साहू ने कहा कि विद्यालय जीवन में जो अनुशासन, समय का पाबंद व अपनी शिक्षकों की आज्ञा का पालन करता है, वही विद्यार्थी एक नई मंजिल को प्राप्त करता हे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेशप्रसाद साहू ने कहा कि शिक्षक, पालक और विद्यार्थी के समन्वय से ही विद्यालय का विकास संभव होगा। विद्यार्थी, शिक्षक की सबसे बड़ी पूंजी है। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. गुलशन बघेल, सीएचओ दीपशिखा साहू, कृषि मुख्य कार्यपालन अधिकारी मधुसूदन साहू, स्वास्थ्य क्षेत्र में अर्जुनसिंह साहू, अधिवक्ता धनेंद्र साहू, कृषि क्षेत्र में उमाशंकर साहू, बैंकिंग क्षेत्र में नूरमनी साहू, कामिनी विश्वकर्मा, पैथोलॉजी डिंपल साहू, नर्सिंग क्षेत्र में रत्नावली, कंप्यूटर यामिनी वैष्णव, रामानंद साहू, उच्च शिक्षा में जागेंद्र, टामिन, वर्षा, दिव्या, रामखिलावन, भावेश लोमिन, खाद्य विभाग में केश कुमार, दीपक मानिकपुरी, प्राइवेट कार्य में मतंग, गिरधारी, राधेश्याम, विनीता साहू, भूमिका साहू ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित व स्कूली जीवन की यादों को साझा किया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता राकेश साहू ने किया। इस अवसर पर गाइड कैप्टन मंजूषा साहू, रेखा देहारी, स्वाति सोरी, दुर्गा साहू, लखंतीन, व्याख्याता रामशरण मिश्रा, एलएन शांडिल्य, धनंजय सोनकर, गोपेश साहू, डोमन ध्रुव, गोविंद सिन्हा, विनोद ध्रुव उपस्थित थे।

# जिले के म्यूथाई खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

विवेकानंद मार्शल आर्ट फिटनेस क्लब देवेंद्र नगर रायपुर में राज्यस्तरीय ओपन इंटरक्लब चैंपियनशिप हुई जिसमें विभिन्न जिलों के 150 से अधिक बालक-बालिका सम्मिलित हुए। दुर्गेश पटेल, आशीष गौतम, तन्मय निर्मलकर एवं खुशबू ध्रुव ने धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया। दुर्गेश पटेल ने सेमीफाइनल में रायपुर के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में बालोद के खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (नॉक आउट) से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आशीष गौतम ने सेमीफाइनल में बालोद के खिलाड़ी को पटखनी दी। फाइनल में बलौदाबाजार के खिलाड़ी को रोमांचक डिसाइडर मैच में 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तन्मय निर्मलकर ने भी सेमीफाइनल में रायपुर के खिलाड़ी को हराते हुए फाइनल में बलौदा बाजार के खिलाड़ी को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खुशबू ध्रुव ने क्वार्टर फाइनल में बालोद के खिलाड़ी को हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और रायपुर की खिलाड़ी से हारकर कांस्य पदक अर्जित किया। जिले के म्यूथाई खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी के युवा खिलाड़ियों ने जिस लगन और परिश्रम से राज्य स्तर पर सफलता अर्जित की है, वह जिले के लिए गर्व का विषय है। जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू, सहायक खेल अधिकारी जगतपति देव, धमतरी म्यूथाई क्लब के तामेश साहू, उदय यादव, सीताराम यादव, यामिनी मीनपाल, वीरेंद्र मीनपाल, हिमांशु सोनी, अर्पित सोनकर, हर्ष सोनकर, नम्रता साहू, रिया मोरे, देवेंद्र यादव एवं दिनेश यादव ने खुशी जताई है।

# आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने मनाया नवाखाई पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी



ग्राम मैनपुर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के लोगों ने परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ नवाखाई पर्व मनाया। इस अवसर पर समाजजनों ने सबसे पहले बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर नई फसल के अन्न को अर्पित किया और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समाज प्रमुख हरिराम ध्रुव, रमेश नेताम, घासुराम मरकाम, देवसिंग ध्रुव, नंदकिशोर ध्रुव, श्रीराम मरकाम, मनोज नेताम, किसुन मरकाम, छविराम मरकाम, उत्तम मरकाम, गुलशन ध्रुव समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामवासी एकजुट होकर नई फसल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए परंपरा का निर्वाह करते नजर आए।

## पेज 9 के शेष

### 16 नक्सली विस्फोटक ....

23 वर्ष, बुधरी बारसे 30 वर्ष तथा कलमू फूलो 19 वर्ष निवासी पीड़िया मदुमपारा थाना गंगालूर शामिल है। इसके अलावा बासागुड़ा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नक्सलियों में मारूड़बाका आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य नंदा कुंजाम 22 वर्ष निवासी तुमिरगुड़ा थाना बासागुड़ा तथा भीमा मड़कम पोलमपल्ली आरपीसी आर्थिक शाखा सदस्य निवासी कोंजेड थाना बासागुड़ा शामिल है।

### मकान और अन्य .....

किसानों को प्रेरित कर पंजीयन कार्य सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा विभाग से उल्लास पोर्टल में एंट्री, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति की समीक्षा की।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

### मुख्यमंत्री को लोहंडीगुड़ा ...

को मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचाया गया। जबकि मांदर गांव अति बाढ़ प्रभावित रहा वहां की जनता में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उम्मीद थी कि उनकी भी सुध लेंगे ।


### मां का अपमान ...

कर रहे हैं, राजनीतिक क्षेत्र में उन शब्दों के प्रयोग की कतई गुंजाइश नहीं है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन सर्वोपरि होती है और बिहार की जनता इस अभद्रता, अश्लीलता का माकूल जवाब देगी।

### बास्तानार घाट, बाघमुंडी, ....

बाघमुंडी एवं तुमनार के कटे सड़क को ठेकेदार के प्रयास से मरम्मत की। सड़क मरम्मत करने से लोगों को सुविधा हो रही है। बताया जा रहा है कि बास्तानार घाट के पत्थर गिरने से कुछ घंटे तक आवागमन बंद हो गया था और लोगों को दुर्घटना की संभावना बनी रही, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। एनएच के एसडीओ एके कुंजाम ने उपयंत्री को निर्देश दिया कि सड़क के मरम्मत कार्य समय में करें, जिससे लोगों आवागमन में परेशानी नहीं हो सके।

## गणपति बप्पा मोरिया.....


दुर्गा चौक में अपने वाहन मुषक के साथ गणपति।


दलपत सागर वार्ड में राधा-कृष्ण के रूप में विराजे गणपति।


न्यू बस स्टैण्ड शांतिनगर में वृहद स्वरूप में गजानन।


गीदम रोड में जटायु पर विराजमान श्रीगणेश।


गंगामुण्डा तालाब के किनारे आकर्षक स्वरूप में विघ्नहर्ता।

### कलेक्टर ने एक ही दिन के भीतर मरम्मत करने के दिए थे निर्देश

# क्षतिग्रस्त गणेश बहार पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

अति वर्षा के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुल-पुलियों जैसी आवागमन से जुड़ी अधोसंरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा था। इनमें अधिकतर पुल-पुलियों के ध्वस्त होने की घटनाएं दन्तेवाड़ा एवं गीदम विकासखण्ड के अन्तर्गत हुई।

■ ग्राम बालपेट के क्षतिग्रस्त पुलिया एवं मांडर नाले के मरम्मतीकरण कार्य में तेजी लाएं

बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र में भी पुल-पुलिया भी इससे प्रभावित हुए इनमें गणेश बहार नाला एवं मांडर नाला प्रमुख है। यातायात व्यवस्था को पुनः सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा इन क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों का निरीक्षण और इसके वैकल्पिक मरम्मत के लिए लगातार इन क्षेत्रों का मॉनिटरिंग किया जाता रहा। इस संबंध में उन्होंने पीडब्ल्यूडी एवं पीएमजीएसवाय के विभाग प्रमुखों को तात्कालिक मरम्मत कार्य करने के लिए स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए थे ताकि सड़क संपर्क मे किसी भी स्थिति में लंबे समय तक बाधित न हो। इस क्रम में उनके द्वारा दिनांक 30 अगस्त को अपने दौरे में गणेश बहार नाले पुल को पुनर्स्थापित करने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग को 24 घंटे के अंदर कार्य पूर्ण करने कहा था। फलस्वरूप 31 अगस्त तक विभाग द्वारा आवाजाही हेतु वैकल्पिक मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया। जिसका कलेक्टर द्वारा स्थल निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को क्षतिग्रस्त पुल में पर्याप्त मात्रा में मिट्टी एवं बोल्डर डालकर मजबूती देने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। ताकि भारी वाहन भी सुरक्षित रूप से गुजर सकें।

इसके साथ ही कलेक्टर ने देर शाम तक बारसूर से नारायणपुर जोड़ने वाले मांडर नाले एवं ग्राम बालपेट के क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए इसके भी मरम्मती कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**लोगों को आवाजाही में हो रही थी दिक्कत**



## सरकार कुंभकरणी निद्रा में है : तलांडी

**भोपालपटनम।** सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष अशोक तलांडी ने प्रेस के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग किया है कि अभी हाल ही में अत्याधिक वर्षा होने से कई नदी नाले उफान के साथ सम्पूर्ण संभाग के बीजापुर जिले के कई गांव प्रभावित होकर जलमग्न हुए काफी जान माल का नुकसान,



खेतों के मेड कटे, फसल बह गया, कई जगह दुपहिया, चार पहिया वाहन बह गई। ऐसे पीड़ितों को शासकीय नौकरी जमीन, आवास बनाए, 1 करोड़ मुआवजा दें तथा किसानों को क्षतिपूर्ति राशि दिया जाए। तलांडी ने आगे कहा कि केवल प्रशासनिक अमला ही पीड़ितों को सहयोग देने नजर आया पर सरकार के नुमाइंदे कुंभकरण की निद्रा में है। आज तक नीचे से नहीं तो उपर से हवाई सर्वेक्षण तक नहीं हुआ भला कैसे सुशासन की सरकार है। छत्तीसगढ़ राज्य के अंतिम छोर बीजापुर जिले के भोपालपटनम चारों राज्यों की सीमा है।

## सुकन्या समृद्धि योजना में पैसे जमा करने के नाम पर गबन चिंताजनक : नीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिला मुख्यालय से महज दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत संतोषपुर के ग्रामीणों ने वर्ष 2019-20 से वर्ष 2025-26 के मध्य लगातार सुकन्या समृद्धि योजना में अपने बच्चों के नाम पर अपने कमाई व खेती-किसानी से बचाकर हर महीने लगभग एक हजार रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक की धनराशि डाक घर बीजापुर की महिला कर्मचारी कुमारी दिव्या कवर के पास जमा करते थे ताकि वे उन पैसों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और उनके शादी में मदद मिल सकें। लेकिन डाक घर बीजापुर की कर्मचारी कुमारी दिव्या काँवर उनके पैसों को उनके खाते में जमा न कर स्वयं के पास रखती थी यह सिलसिला सालों तक चलता रहा इधर ग्रामीण भी सोचते थे कि हमारा पैसा खाते में जमा हो रहा है लेकिन जब ग्रामीण डाक कर्मचारी दिव्या काँवर से उनके पासबुक माँगे तो वे उन्हें इंट्री कर देती हूँ कह कर टाल-मटोल जवाब देने लगी। कई दिनों तक ये सिलसिला चलता रहा और ग्रामीण महिलाओं ने अपने खाते की जानकारी लेने बीजापुर डाक घर आए तो पता चला कि उनके खाते में पैसे जमा ही नहीं है। ऐसे में उन्होंने डाक घर बीजापुर के प्रमुख से संपर्क कर आपबीती सुनाई तो उन्होंने ग्रामीणों को उच्च अधिकारियों से शिकायत नहीं करने का हवाला देते हुए ग्रामीणों के पैसे वापस दिलाने की बात कही और इसी बीच महिला डाक कर्मचारी दिव्या कांवर का तबादला अन्य जिले में हो गया उसके बाद से आज तक दिव्या काँवर से कोई संपर्क नही हो पा रहा है। जिससे आक्रोशित ग्रामीण क्षेत्र की ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इस पूरे मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर नीना रावतिया उद्दे ने आज ज़िले के कलेक्टर संबित मिश्रा से मुलाक़ात कर समस्या से अवगत कराया और जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की।

## चिंगपाल ग्राम सभा में कई एजेंडों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



मंगलवार को ग्राम पंचायत चिंगपाल के पंचायत भवन में ग्राम सभा का अध्यक्ष दामोदर नाग के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जहां शुरुआत में पूर्व ग्राम सभा के संकल्पों का पालन प्रतिवेदन पंचायत सचिव रामधर कश्यप के द्वारा वाचन किया गया।

ततपश्चात विगत तिमाही के आय वय का अनुमोदन ग्राम सभा के सदस्यों से प्राप्त किया गया। इन कार्यों में मनरेगा के कार्य भी शामिल थे। इनके साथ निर्देशित सभी एंजेडों पर चर्चा की गई। एजेंडा के अन्य विषयों में सामाजिक सहायता से समन्धित पेंशन सामाजिक अंकक्षण आदि शामिल थे। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए पंचायत द्वारा वितरित खाद्यान एवं उसके लाभान्वितों का नाम का भी वाचन किया गया। ऐसे जरूरतमंदों में धनाय लिटी का सामने आया। ग्राम सभा में हमारी परम्परा, हमारी विरासत विषय पर भी चर्चा किया गया एवं इनके सरक्षण का संकल्प लिया गया। एचआईवी से सुरक्षा, पीएम सूर्य घर योजना, नलजल आदि विषयों पर चर्चा की गई। जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप पीडी विशेष रूप से उपस्थित थे। जिन्होंने ग्राम सभा के महत्व और ग्राम पंचायत के सफलता पर प्रकाश डाला और कहा की ग्राम पंचायत को सफल करना हैं तो ग्राम सभा को जागरूक होना पड़ेगा। ग्रामसभा में सरपंच जयराम बघेल, उपसरपंच नरहरी नाग, पंच ललिता ठाकुर, श्यामबत्ती नाग, सूबाय बघेल, लछिंदर नाग, रमेश नाग, सहदेव बघेल एवं ग्राम पंचायत सचिव रामधर कश्यप, सहायक सचिव लोकेश कुमार मौर्य के साथ नोडल अधिकारी रामधर नाग उपस्थित रहें।

## दूरस्थ अंचल की शालाओं में एबीईओ ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मॉनिटरिंग किया जा रहा है।

इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर निरीक्षण के साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। दूरस्थ अंचल की शाला जहां पहुंच मार्ग तक नहीं है। संकुल मांदलापाल के अंतर्गत प्राथमिक शाला मारीपारा चेराकुर स्थित है, यहां के दर्ज बच्चे सभी एक्टिव नजर आए। उनके साथ एक्टिविटी के माध्यम से पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया। यहां पदस्थ दोनों शिक्षक काफी मेहनत कर रहे है। उनकी मेहनत स्पष्ट देखी गई। वही माध्यमिक शाला मांदलापाल के बच्चों का भी शैक्षणिक स्तर सन्तोषप्रद पाया गया।

यहां डेली डायरी संधारित की जा रही है, थोड़ी बहुत जो कमियां पाई गई, उसे सुधारने समझाईश दी गई। उसी संकुल की एक प्राथमिक शाला किरवामुंडा का भी अवलोकन किया गया बच्चों का स्तर आशा के अनुरूप पाया गया । यहां भी पदस्थ शिक्षक मेहनत करते नजर आए।

### निधन

**मगराज खत्री**

**जगदलपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मगराज खत्री 78 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे धींगड़मल के बड़े भाई तथा दीपक, सुनील के पिता थे। अंतिम यात्रा मंगलवार को सुबह संतोषी वार्ड स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, समाज के लोग तथा व्यापारी शामिल रहे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



## बाबा रामदेव मंदिर में भादवा का मेला धूमधाम से मनाया गया



**गीदम।** जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी दूज तिथि से लेकर दशमी तिथि तक भादवा मेला बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रसादी वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दशमी की रात्रि जम्मा जागरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों के माध्यम से बाबा रामदेव की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी व बाबा के भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तों का उत्साह और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने लायक था।

**शपथ पत्र**

मैं रामेश्वर नेताम पिता जयराम नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम फुपगांव तहसील फरसगांव जिला कोंडागांव छ.ग. शपथपूर्वक कथन करता हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा वास्तविक सही नाम रामेश्वर नेताम है जो कि मेरे नाम से जारी मतदाता परिचय पत्र क्र. ZKR1771690 में दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे नाम से जारी आधारकार्ड एवं शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम रामेश्वर अंकित है।
4. यह कि उक्त दोनों नाम रामेश्वर नेताम एवं रामेश्वर मेरे स्वयं के एक ही व्यक्ति के नाम है पृथक-पृथक नहीं है।
5. यह कि यह शपथ पत्र में मेरा सही नाम मतदाता परिचय पत्र के अनुसार रामेश्वर नेताम होने के समर्थन में प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रामेश्वर नेताम पिता जयराम नेताम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम फुपगांव तहसील फरसगांव जिला कोंडागांव छ.ग. सत्यानिष्ठापूर्वक घोषित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र.01 से 05 तक की दी गई जानकारी सही एवं सत्य है। आज दिनांक 27.08.2025 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

सत्यापनकर्ता

## शहर में गणेशोत्सव की धूम


बस्तरिया बैक बेन्चर्स द्वारा चौपाटी में गणेशोत्सव।


दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष हनुमान जी के रूप में परम पुज्य गणेश।


पंचपथ चौक में गणेश जी के साथ पुरी के जगन्नाथ के भी हो रहे दर्शन।


पावर हाउस चौक के पास युवाओं द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा।


नयापारा में चतुरभुज गणपति के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### लाइवलीहुड कॉलेज में काउंसलिंग आज से

जगदलपुर। लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल में कल 3 सितम्बर से 8 सितम्बर तक मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें वेल्डर, ट्रैक्टर मेकेनिक एवं सिक्योरिटी गार्ड में निःशुल्क एवं रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार अपने शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज सहित आवेदन जमा कर सकते हैं।

### बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ दी राशि



जगदलपुर। समृद्ध बस्तर जन कल्याण समिति एनजीओ की तरफ से आज बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ कलेक्टर हरीश एस को नकद राशि सौंपा गया।

### डीएवी स्कूल में ओणम पर्व पर सजी रंगोली



जगदलपुर। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल आड़ावाल में ओणम पर्व पर विद्यार्थियों ने फूलों से सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियां सजाई, जिनकी सुंदरता ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता और परंपरा के प्रति लगाव को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में कला, संस्कृति और टीम भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला 11 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 11 सितम्बर को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य निजी क्षेत्र के फर्म या प्रतिष्ठानों में खाली पदों को भरना है। निजी नियोजकों से अपील की है कि वे रिक्तियों से संबंधित जानकारी भेज सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करना है।

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दानदाता आए आगे

# पेड़ के नीचे लगा शिविर, 428 ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरके सिंह ने दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की गहन समीक्षा की।

- दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं प्रशासन की संवेदनशील पहल



डॉ. सिंह के नेतृत्व में छिंदगढ़ विकासखंड के पूर्व महामारी प्रभावित ग्राम मुंडवाल, चीतलनार एवं पुसपाल में विशेष स्वास्थ्य अभियान संचालित किया गया। इस दौरान घर-घर जाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कुल 428 व्यक्तियों का सफलतापूर्वक परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। आवश्यकतानुसार मलेरिया की जाँच भी किट के माध्यम से की गई, जिसमें एक भी प्रकरण सामने नहीं आया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदा पानी जमा न होने देने तथा मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, जनहितकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु 15 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

यह सतत प्रयास प्रशासन की संवेदनशीलता और जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है, जिससे ग्रामीण अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँच रही हैं। इस अभियान में जिला वाहक जनित रोग नियंत्रण सलाहकार, जिला आयुष्मान परियोजना समन्वयक एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से सहभागी रहे।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दानदाता आए आगे, कलेक्टर को सौंपी राहत सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के लोहंडीगुड़ा तहसील के मांदर गांव में पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ ने ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए दानदाता सहायता के लिए आगे आए हैं। कलेक्टर हरिस एस की अपील पर मंगलवार को निजी स्कूल समिति और मैत्री संघ समिति ने बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान कलेक्टर को सौंपा। कलेक्टर ने आभार व्यक्त करते कहा कि यह सामग्री शीघ्र ही मांदर गांव के बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी मनीष गुप्ता, अलेक्जैंडर चेरियन तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

### बाढ़ प्रभावित पारापुर शाला के बच्चों को मिली राहत



जगदलपुर। पिछले सप्ताह हुई भारी बारिश और बाढ़ से लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम पारापुर के प्राथमिक शाला घसीया पारा के बच्चों को शिक्षा विभाग द्वारा राहत सामग्री प्रदान की गई। बाढ़ के कारण आवश्यक वस्तुएं खो चुके इन बच्चों के चेहरों पर स्कूल बैग, कॉपी, पेन और अन्य उपयोगी सामान पाकर मुस्कान लौट आई। इसके अलावा थाली, ग्लास और कटोरी दिए गए जो बाढ़ के दौरान खराब हो गए थे या बह गए थे।

## कांग्रेस ने कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक पोस्ट व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने को लेकर अजय बैरागी के खिलाफ उचित कार्यवाही के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

- राष्ट्रपिता पर आपत्तिजनक पोस्ट पर एएसपी को ज्ञापन

कांग्रेसियों ने बताया कि एक पोस्ट में लिखा गया था गांधी देश के लिए नहीं मरे बल्कि देश को बचाने के लिए गांधी को मारा गया। नाथरामू गोडसे अमर रहे। यह बयान आपत्तिजनक है। इस पोस्ट से कांग्रेस पार्टी और आम नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंची है और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। कांग्रेस ने उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान महामंत्री निकेतराज झा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान, सुषमा सुता,विधि विभाग अध्यक्ष सायमा अशरफ, बी ललिता राव,विजेंद्र ठाकुर, एस नीला, उस्मान रजा,रजत जोशी, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

## नारियल की खेती कर किसान आर्थिक स्थिति बढ़ा सकते हैं : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व नारियल दिवस पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें नारियल उत्पादन तकनीक, उन्नतशील किस्में, प्रसंस्करण तथा पौध संरक्षण विषयों पर कृषक-वैज्ञानिक हुई। इस वर्ष विश्व नारियल दिवस का विषय नारियल की शक्ति का अनावरण, वैश्विक कार्यवाही को प्रेरित करना है। शुभारंभ परिक्षेत्रीय कृषि अनुसन्धान केंद्र के सह-संचालक अनुसन्धान डॉ एके ठाकुर ने किया । उन्होंने बस्तर अंचल में नारियल के क्षेत्र विस्तार एवं अनुसन्धान की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारियल की खेती कर किसान अपनी आर्थिक सुदृढ़ता की ओर बढ़ सकते है। इस दौरान परियोजना के प्रभारी डॉ भुजेंद्र कुमार ने नारियल उत्पादन की तकनीक तथा मृदा नमी संरक्षण पर व्याख्यान दिया। उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. पद्माक्षी ठाकुर ने नारियल उद्यान में कंदीय फसलों की लाभदायक अन्तवर्तीय खेती पर प्रकाश डाला। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येयता राजेश पटेल ने कीट प्रबंधंन विषय पर तकनीकी व्याख्यान दिया और नारियल उत्पादक कृषकों के खेतो में नारियल उत्पादन से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को नारियल के पौधे प्रदान करने सहित रखरखाव के लिए तकनीकी दर्शिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एमबी तिवारी, डॉ चेतना खांडेकर, डॉ मुकेश साहू, डॉ विनीता पांडेय और कृषकगण तथा महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

- नारियल उत्पादन की तकनीक किसानों को बताई गई



## मुआवजा राशि वितरण में भेदभाव की स्थिति : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा तथा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के दिशा निर्देश में बाढ़ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने राहत कार्यों के साथ मुआवजा राशि वितरण की स्थिति की जानकारी ली। पीड़ितो ने बताया कि मुआवजे राशि किसी को मिली है तो किसी को नहीं मिली है। कई लोग भटकने विवश हैं। चांद ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के साथ असमानता सही नहीं है।

- मुक्ति मोर्चा बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से की मुलाकात

पीड़ितों ने बताया कि उनका घर पूरी तरह से टूटा है और सरकार उन्हें मुआवजा के नाम पर सिर्फ एक लाख बीस हजार रुपए दिए है और किसी किसी को मुआवजा भी नहीं मिला ।

मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने मुआवजा राशि जिन्हें नहीं मिला उनके नाम जारी किए हैं जिनमें सूबेराम , देवेंद्र स्वर्गीय पिता सुडकु, नरेंद्र पिता मुसरु, हीरदिए पिता दसरू, रूपखधर पिता मंचित साम लाल पिता हीर नाथ, मुरहा पिता सुखदेव, कुंज बिहारी, जयराम ,बुलकू, केवहा, टीकाराम, सुहा राम ,सस्तु राम, चंद्रशेखर हैं।

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि जब तहसीलदार से इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि थोड़ा समय लगेगा। सरकार एक परिवार के साथ न्याय तो दूसरे परिवार के साथ अन्याय क्यों कर रहा है । महासचिव संतु कश्यप कोसा अध्यक्ष भूमित बघेल कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना मांडवी उपस्थित रहे।

## कवियों ने सुंदर मधुर रचनाएं प्रस्तुत कर लुटी वाह वाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर दसराहा पसरा में प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी में शहर के साहित्यकार उपस्थित हुए । साहित्यकारों ने सभी विधाएं पर रचनाएं पढ़ीं। संचालन कर रही चमेली नेताम सुवासिता ने सरस्वती वंदना सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया।

- बस्तर दसराहा पसरा परिसर में कवि गोष्ठी संपन्न



उसके बाद शिवसागर त्रिपाठी ने सतयुग का खाका विषय पर कविता प्रस्तुत कर वाह-वाही बटोरी। अवध किशोर शर्मा ने सम सामयिक कविता पढ़ कर तालियां बटोरी। ऋषि शर्मा ऋषि ने गीत-गजलें तरन्नुम में पेश कर माहौल को खुशनुमा कर दिया। विपिन बिहारी दाश ने गजल उनके बगैर जिंदगी बदनाम हो गयी तरन्नुम में प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। शशांक श्रीधर ने सुंदर रचना पचास साल पुरानी मेज पर पड़ा। रचना प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। पूर्णिमा सरोज ने सुंदर कविता छम-छम बूंदें नृत्य कर रहीं प्रस्तुत किया। शिरीष कुमार टिकरिहा ने छत्तीसगढ़ी में गुरतुर बोली के बोलइया रचना पढ़ कर वाह वाही बटोरी। कृष्णशरण पटेल कृष्णा ने याद बहुत आते हैं वो मस्ती वाले दिन गीत और कल रात मुझसे एक चोर टकरा गया हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। रामेश्वर प्रसाद चंद्रा ने छत्तीसगढ़ी रचना नइ सुहावय विषय पर खूबसूरत कविता प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। भरत कुमार गंगादित्य ने खूबसूरत छत्तीसगढ़ी कविता मोर छत्तीसगढ़ धाम के महिमा भारी हे सुमधुर आवाज में प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। चमेली नेताम सुवासिता ने भाखा दाई के गियां, मन ला लेते जीत कुण्डलियाँ छंद रचना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. बी.एल.साहू , सोनामनी बघेल, मनीषा कुलदीप और अनुभा टिकरिहा उपस्थित थे।



## मंडी बोर्ड के जेडी मंडावी को सेवानिवृत्त पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी केएल मंडावी रहे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी निभाया, सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वभाविक है। उक्त बातें कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने आयोजित विदाई समारोह में कही। उन्होंने के बीच तालमेल बनाकर काम करने का काम किया है। समारोह में अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## दिगम्बर और संतोष बने जगदलपुर पूर्वी मण्डल के महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने जगदलपुर पूर्वी नगर मण्डल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की।

टीम में अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, महामंत्री दिगम्बर राव व संतोष बाजपेयी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, गीता नाग, मीना साहू, विक्रम सिंह यादव हैं। मंत्री राधा बघेल, किरण दीवान, राजा यादव, योगेश मिश्रा को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष शेखर शर्मा, सह कोषाध्यक्ष रितेश सोनी, कार्यालय मंत्री केतन महानंदी,सोशल मीडिया प्रभारी शैलेष श्रीवास्तव, सह सोशल मीडिया प्रभारी संतोष पाण्डेय बनाये गये हैं।

कार्यकारिणी सदस्यों में कौशिक शुक्ला, आशुतोष पाल, अभय दीक्षित, नागेश्वर राव, मोतीराम बघेल, उमेश वानखेड़े, घनश्याम बघेल, संगीता तोमर, करण जैन, शंकर राव, बी संतोषी राव, के चंद्रमाली राव, संध्या टांडिया, चिक्कम भारती, देवश्री भण्डारी, सूरज केसरवानी, पुष्पा तिवारी, रीना राय, रवि शर्मा, शशि नाग, डी सुधा रानी, मनीष मूलचंदानी, अजय पाल सिंह, पुनीता सुनानी, वेंकट राव (विक्की), लोकेश राव, ज्ञानेद्री महाराणा, प्रभात चौहान, रेखा नायक शामिल हैं।

# नवाखानी केवल पर्व नहीं बल्कि बस्तर की समृद्ध परंपराओं का जीवंत स्वरूप है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर आदिवासी अंचल अपनी समृद्ध परंपराओं, विशिष्ट जीवनशैली और प्रकृति-आधारित संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। यहां गोंड़, मुरिया, धुरवा, हल्बा, भतरा, गदबा और माड़िया जनजातियां निवास करती हैं, जिनका जीवन प्रकृति, कृषि और सामुदायिक सहयोग पर आधारित है। इन समुदायों में पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं बल्कि सामाजिक संगठन, स्वास्थ्य, शिक्षा और परंपरागत ज्ञान को आगे बढ़ाने का माध्यम होते हैं। इन्हीं पर्वों में नवाखानी महापर्व विशेष महत्व रखता है। यह पर्व आदिवासी समाज की आस्था, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामूहिक चेतना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है । ग्राम पंचायत बड़े चकवा के उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने जारी बयान में यह बात कही । उन्होंने कहा कि

नवाखानी का शाब्दिक अर्थ है नए अनाज को खाना। यह पर्व नई फसल विशेषकर धान की बालियों को सबसे पहले पूर्वजों और इष्ट देवताओं को अर्पित करने के बाद ही उपयोग में लाने की परंपरा से जुड़ा है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने और पूर्वजों की स्मृति को जीवित रखने की परंपरा भी है। बस्तर के हल्बा समुदाय से विशेष प्रकार का चिवड़ा लाया जाता है और उसे भुने हुए धान के साथ मिलाकर देवताओं और पेन (स्थानीय देवता) को अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात परिवार के सभी सदस्य इसे प्रसाद रूप में ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर प्रत्येक घर के सदस्य को पारंपरिक टीका लगाया जाता है, जो परिवारिक एकता और सामूहिक बंधन का प्रतीक है।

उन्होंने कहा नवाखानी महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को जीवनोपयोगी शिक्षा देने का अवसर भी है। इस दिन लड़कों को बैल, हल और खेती-बाड़ी की जिम्मेदारियों से परिचित कराया जाता है, जबकि लड़कियों को घर-गृहस्थी, चूल्हा-बर्तन और पारिवारिक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह परंपरा बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने और आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। वास्तव में यह एक लोक शिक्षा पद्धति है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कई मायनों में इसका जीवन में विशेष औचित्य

### भाईचारे को मजबूत करता है

पूरन सिंह ने कहा समाज में आपसी मेलजोल, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करता है। इस पर्व का संदेश है कि प्रकृति और कृषि व्यक्तिगत संपत्ति नहीं, बल्कि सामूहिक धरोहर हैं। पूर्वजों द्वारा संरक्षित बीज, कृषि पद्धतियां और जीवनशैली को अगली पीढ़ियों तक पहुँचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। तेजी से बदलती आधुनिक जीवनशैली और तकनीक के दौर में नवाखानी महापर्व हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखने का कार्य करता है। जिस धान की किस्म का प्रयोग इसमें होता है, वह न केवल बस्तर बल्कि पूरी दुनिया के लिए कुपोषण और भुखमरी से लड़ने की नई उम्मीद है।





### नवाखानी आदिवासी संस्कृति का जीवंत प्रतीक

पूरन कश्यप ने कहा अमुस तिहार में कीट-प्रकोप को दूर करने जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया जाता है। दियारी पर्व पशुपालकों को सम्मान देने का अवसर है। गेड़ी चढ़ना बच्चों के लिए केवल खेल नहीं, बल्कि वर्षा ऋतु में कीचड़ से बचने का एक व्यावहारिक उपाय था। बासी तिहार जो नवाखानी के अगले दिन मनाया जाता है, उसमें पूरा गांव देवी-देवताओं को नई फसल अर्पित करता है और सामूहिकता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। नवाखानी महापर्व बस्तर की आदिवासी संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व परंपरा, विज्ञान, आस्था और स्वास्थ्य का अनूठा संगम है। यह हमें प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीने की शिक्षा देता है, समाज को एकजुट करता है और आने वाली पीढ़ियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा प्रदान करता है।

### शरीर में आयरन की पूर्ति करता है पहली फसल का चावल

उपसरपंच ने कहा कि नवाखानी महापर्व का वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्षा ऋतु के बाद जब पत्तेदार सब्जियों का उपयोग कम हो जाता है, तब शरीर में आयरन की कमी और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आधुनिक समय में सरकार आयरन की गोलियां वितरित करती है, वहीं हमारे पूर्वजों ने इसका प्राकृतिक समाधान खोज लिया था। नवाखानी के अवसर पर जिस धान की किस्म का प्रयोग होता है, उसमें सामान्य धान की तुलना में लगभग 70 गुना अधिक आयरन पाया जाता है। यह धान केवल 48 दिनों में पककर तैयार हो जाता है और पोषण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है । इस विशेष धान का सामूहिक उपयोग आदिवासी समाज को कुपोषण, एनीमिया और संक्रमण जैसी समस्याओं से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है।

